उमरिया खबर
उमरिया 14 मई 2025 बुधवार

# नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है, प्रदेश में सफलतापूर्वक हुआ मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का पूर्वाभ्यास - मुख्यमंत्री डॉ.यादव

**उमरिया (जनसंपर्क) मई 25 (उमरिया खबर)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर और कटनी में केंद्र सरकार के निर्देशों के पालन में निर्धारित समय पर किए गए ब्लैक आउट और मॉक ड्रिल गतिविधियों की जानकारी संबंधित जिलों के कलेक्टर्स से प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों के कलेक्टर्स के नेतृत्व में किए गए कार्य की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में आवश्यक प्रबंधन की तैयारी के लिए यह मॉक ड्रिल की गई। नागरिक सुरक्षा की प्राथमिकता और संकटकालीन परिस्थिति की चुनौती को देखते हुए इस तरह की मॉक ड्रिल के माध्यम से न सिर्फ आपदा प्रबंधन के अमले बल्कि नागरिकों को भी सजग और सतर्क करने के प्रयास आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार शाम पुलिस मुख्यालय पहुंच कर सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम से प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आपातकालीन स्थिति के लिए की गई मॉक ड्रिल की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। जानकारी दी गई कि सभी जिलों में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही संपन्न हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आज संपन्न मॉक ड्रिल और उसकी पूर्व की तैयारियों का विस्तृत विवरण दिया गया।पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे एन कंसोटिया, एडीजीपी श्री ए. साई मनोहर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलेवार जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर्स ने बताया कि नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरी उपाय अपनाने के लिए जिलों के शिक्षित और सजग किया गया है। कलेक्टर भोपाल ने बताया कि निर्धारित समय पर समूचे शहर में प्रकाश व्यवस्था बंद करने की कार्रवाई की गई। ड्रोन द्वारा शूटिंग भी करवाई गई है। कलेक्टर जबलपुर ने बताया कि एक पुरानी बिल्डिंग से लोगों को बचाने की रेस्क्यू की कार्रवाई की गई। ब्लैक आउट की कार्यवाही भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इंदौर कलेक्टर ने जानकारी दी कि मेडिकल कॉलेज के नजदीक एक भवन में अग्निकांड से बचाव की मॉकड्रिल की गई। आकस्मिक चिकित्सा केंद्र भी बनाया गया। ब्लैक आउट की कार्रवाई भी की गई। ग्वालियर कलेक्टर ने भी ब्लैक आउट और अन्य बचाव गतिविधियों के अभ्यास की जानकारी दी। कटनी कलेक्टर ने बताया कि निर्धारित 12 मिनट अवधि के लिए ब्लैक आउट किया गया। इसके अलावा रेस्क्यू कार्य का अभ्यास भी किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थय केंद्र मानपुर का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

**उमरिया ( जनसंपर्क) मई २५ ( उमरिया खबर) ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी ने विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर का औचक निरक्षण किया । निरिक्षण के दौरान उन्होने प्रसव कक्ष, अन्त: भर्ती कक्ष, बाह्य रोगी कक्ष, लैब कक्ष, एएनसी और पीएनसी वार्ड में प्रदाय की जाने वाली स्वास्थ्य सेवायो एवं उपलब्ध स्टोर में दवाइयां का अवलोकन किया । साथ ही अस्पताल के अंदर तथा बाहर विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था के साथ साथ साफसफाई के लिए निर्देश दिये ।

# सार्वजनिक उपयोग के स्थायी प्रकृति के ठोस काम कराए जाएं - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 12 जिलों में 502 करोड़ की लागत से विकास कार्यों को मिली सैद्धांतिक स्वीकृति

उमरिया मई -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



यादव ने कहा है कि जिला खनिज प्रतिष्ठान के तहत अर्जित फंड एक रिजर्व फंड है। इस फंड से जिलों के खनन प्रभावित क्षेत्रों में सार्वजनिक हित और सबके उपयोग के लिए स्थायी प्रकृति के ठोस काम ही कराए जाएं। काम ऐसे हों, जिसका लाभ अधिकतम लोगों को मिले। इस (डीएमएफ) मद से स्कूल भवन, अस्पताल, सामुदायिक भवन, औषधालय भवन, पशु चिकित्सालय/औषधालय, खेल मैदान सहित विशेष पिछड़े एवं कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) की बसाहट क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार स्थायी श्रेणी के काम कराए जाएं। उन्होंने कहा कि अस्थायी प्रकृति के एवं मरम्मत आदि के काम संबंधित विभागों के विभागीय बजट से कराए जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में जिला खनिज प्रतिष्ठान के भाग-ख के तहत हो सकने वाले विकास कार्यों की मंजूरी के लिए आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के खनन क्षेत्रों वाले जिलों में जिला खनिज प्रतिष्ठान से प्राप्त राशि में से 502 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों को सैद्धांतिक स्वीकृति दी। इस निर्णय से खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के विकास एवं उन्नयन कार्य किए जा सकेंगें। सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद अब जिला खनिज प्रतिष्ठान से प्रदेश के डिण्डौरी, शहडोल, अनूपपुर, बड़वानी, दमोह, छिंदवाड़ा, सिवनी, अलीराजपुर, शिवपुरी, सागर, रीवा, बैतूल आदि जिलों में विभिन्न श्रेणी के विकास कार्य कराए जाएंगे। इनमें डिण्डौरी जिले में आयुर्वेदिक महाविद्यालय का निर्माण, शहडोल जिले की सोन नदी पर बैराज/एनिकट का निर्माण, अनूपपुर जिले के कोतमा के चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय अधोसंरचना का निर्माण प्रमुख रूप से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बड़वानी जिले में भीलटदेव मंदिर नागलवाड़ी के तलहटी से मंदिर तक पहुंच मार्ग का निर्माण भी डीएमएफ मद से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन कामों को जल्द से जल्द पूरा कराया जा सकता हो, वे काम पहले कराए जाएं। स्कूलों में आवश्यकतानुसार पेयजल व्यवस्था के लिए टंकी निर्माण, बाउंड्री वॉल निर्माण जैसे काम तत्काल कराए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को इनका शीघ्र लाभ मिले। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव खनिज साधन श्री उमाकांत उमराव तथा संचालक प्रशासन एवं खनिकर्म श्री फ्रेंक नोबल.ए. सहित अन्य विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। प्रमुख सचिव खनिज साधन श्री उमराव ने बैठक में बताया कि जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि (भाग-ख) में वर्तमान में 1681 करोड़ रुपए उपलब्ध हैं। इस राशि से छोटे बड़े सभी श्रेणी के काम कराए जा सकते हैं। इस राशि से उच्च प्राथमिकता क्षेत्र (60 प्रतिशत) के तहत 1008.6 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि शासन द्वारा खर्च की जा सकती है। उच्च प्राथमिकता क्षेत्र में शिक्षा, पेयजल प्रदाय, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण उपाय, स्वास्थ्य की देखभाल, स्वच्छता सुधार, कौशल विकास, वृद्धजन एवं निरूशक्तजन कल्याण तथा महिला एवं बाल कल्याण संबंधी कार्य विशेष रूप से चिन्हित किए गए हैं। अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र (40 प्रतिशत) में सिंचाई सुविधा, भौतिक अवसंरचना तथा ऊर्जा एवं वॉटरशेड विकास जैसे काम कराए जाते हैं। इस क्षेत्र के लिए भी डीएमएफ(संचित निधि) से करीब 672.4 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च की जा सकती है। नोडल विभाग द्वारा कुल 1015 कार्य अनुमोदित किए गए हैं, इनमें से 317 कार्य उच्च प्राथमिकता वाले हैं। इन कार्यों को पहले पूरा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुमोदन उपरांत डीएमएफ फंड से सभी विकास कार्य जल्द ही प्रारंभ करा दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रमुख सचिव श्री उमराव ने बैठक में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) की नवीन गाइडलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना में केंद्र सरकार द्वारा यह प्रावधान किया गया है कि मुख्य खनिज की खदान अथवा खदानों के समूह से 15 किलोमीटर परिधि क्षेत्र प्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र होगा तथा जहां स्थानीय जनसंख्या खनन संबंधी प्रक्रिया के कारण आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय परिणामों के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित है, वहां जिले में स्थित मुख्य खदान अथवा खदानों से 25 किलोमीटर का क्षेत्र अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्र होगा। इसके अलावा डीएमएफ (संचित निधि) की 70 प्रतिशत राशि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में व्यय करने का प्रावधान किया गया है। इस क्षेत्र में केंद्र सरकार ने आवास, कृषि एवं पशुपालन को भी जोड़ दिया है। इसी तरह डीएमएफ (संचित निधि) की 30 प्रतिशत राशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में व्यय करने को कहा गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अमृत सरोवर, खेत तालाब बनाने का किया जा रहा कार्य

**उमरिया (जनसंपर्क) मई 25 (उमरिया खबर)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण अंचलों में अमृत सरोवर, खेत तालाब, डग वेल रिचार्ज, पूर्व से प्रगतिरत कार्यों को अभियान के दौरान पूर्ण करने, तालाबों का जीर्णोध्दार पूर्व वर्षों के पूर्ण अमृत सरोवर जिन्हें अभियान अवधि के दौरान राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराने का कार्य किया जा रहा है । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 11 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसमें करकेली के लिए 5 मानपुर के लिए 5 तथा पाली के लिए 1 का लक्ष्य शामिल है । स्थल चयन की संख्या 23 है । 11 अमृत सरोवरों में 9 की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है जिसमें करकेली के 5 मानपुर में 4 कार्य प्रारंभ है । इसी तरह खेत तालाबों की संख्या 710 है जिसमे करकेली के 280 मानपुर के 270 तथा पाली के 160 खेत तालाब शामिल है । स्थल चयन की संख्या 740 है । 627 में तकनीकी स्वीकृति तथा 620 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है । प्रारंभ कार्यो की संख्या 426 है । डग वेल रिचार्ज के तहत करकेली में 450 लक्ष्य के विरूध्द 450 स्थलों का चयन किया गया है । 425 में तकनीकी स्वीकृति , 419 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है । प्रारंभ कार्यो की संख्या 204 है । मानपुर में 450 लक्ष्य के विरूध्द 450 स्थल चयन किए गए है । 443 में तकनीकी स्वीकृति, 443 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा प्रारंभ कार्यो की संख्या 184 है । पाली में 200 लक्ष्य के विरूध्द 209 स्थल चयन किए गए है । 209 में तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति तथा प्रारंभ कार्यो की संख्या 82 है । इसी तरह जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 10 तालाबों का जीर्णोध्दार किया जा रहा है जिसमें मानपुर के 8 तालाब तथा पाली के 2 तालाब शामिल है । जिसमें तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है । पूर्व वर्षो के पूर्ण अमृत सरोवर जिन्हे अभियान अवधि के दौरान राजस्व रिकार्ड मे दर्ज कराया जा रहा है , की संख्या 116 है जिसमें करकेली जनपद पंचायत के 46 मानपुर जनपद पंचायत के 30 पाली जनपद पंचायत के 20 तथा वाटरशेड परियोजना के 20 अमृत सरोवर शामिल है ।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों की जांच की गई

**उमरिया (जनसंपर्क) मई 25 (उमरिया खबर)।** जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मां बिरसिनी क्रिकेट स्टेडियम पाली में किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने जांच करा कर किया। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर ,शुगर ,सिकल सेल, एचआईवी, सीबीसी व आदि जांच निशुल्क की गई। इस दौरान मरीजों को निशुल्क दवाओं का बितरण कर शिविर में 150 से ज्यादा लोगों का परीक्षण किया गया और उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी व प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि युवा टीम मानव सेवा के लिए समर्पित रहती है।इस प्रकार के शिविर लगने से यह पहल एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है. उन्होंने कहा कि लोगों को नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए।











नोट- रेल्वे के ई टिकट भी बनाये जाते है।







6264159746
8815119263
संतोष ऑटो पार्टस् एण्ड सर्विसिंग सेन्टर

# देवरी क्षेत्र में गांजा तस्करी के दो मामलों का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोतमा (राजकिशोर सोनी) 13 मई 25 (उमरिया खबर)।** सोने सिंह चौकी प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के दो अलग.अलग मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 1.624 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर की गई।पहला मामला 10 मई को सामने आया जब मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम मौहरी की ओर से एक व्यक्ति पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में गांजा लेकर देवरी की ओर आ रहा है। पुलिस टीम ने दुवारी बाबा अमलाई तिराहा के पास घेराबंदी की और थोड़ी देर में संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम छोटेलाल सोनी पिता स्वण् अयोध्या प्रसाद सोनी उम्र 60 वर्ष निवासी देवरी चौकी फुनगा थाना भालूमाड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1.260 किलोग्राम गांजा बरामद हुआए जिसकी कीमत लगभग 12500/- आंकी गई। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।दूसरा मामला उसी दिन शाम 4.20 बजे का हैए जब मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति काली पन्नी में गांजा लेकर मौहरी से देवरी की ओर आ रहा है। पुलिस ने ग्राम मौहरी के देवांग टोला तिराहा के पास घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की। उसने अपना नाम बलराम सोनी पिता स्वण् अयोध्या प्रसाद सोनी उम्र 76 वर्ष निवासी देवरी चौकी फुनगा बताया। तलाशी में उसके पास से 364 ग्राम गांजा बरामद हुआए जिसकी अनुमानित कीमत 3500/- बताई गई। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत कार्यवाही की गई।दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर विधिवत जेल भेजा गया है। पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।



# झीमर बस्ती के जंगल में अवैध शराब निर्माण का भंडाफोड़

## रामनगर पुलिस ने दबिश देकर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोतमा (राजकिशोर सोनी) 13 मई 25 (उमरिया खबर)।** सुमित कौशिक थाना प्रभारी रामनगर ने बताया कि जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामनगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान के निर्देश पर रामनगर पुलिस ने झीमर बस्ती से सटे जंगल क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध शराब निर्माण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए 12 मई को छापेमारी की। सूत्रों से प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने की सामग्री बरामद की। कार्रवाई के दौरान 56 प्लास्टिक के डिब्बों में भरा हुआ लगभग 900 किलो महुआ लाहन तथा 08 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। ये लाहन प्लास्टिक डिब्बों में भरकर जमीन में छिपाकर रखा गया था। बरामद सामग्री की कुल बाज़ार कीमत लगभग 30,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ अलग.अलग अपराध पंजीबद्ध किए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं– पिंकू कोरकू पिता गोपाल कोरकू उम्र 45 वर्ष निवासी झीमर ओमप्रकाश उर्फ निरहुआ निवासी झीमर फूलबाई कोरकू उम्र 43 वर्ष निवासी झीमर इन तीनों आरोपियों पर अपराध क्रमांक 113/25, 114/25, 115/25 धारा 34(1) 34(1)(च) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।



# गांव की प्रगति में महिलाएं निभा रही अहम भूमिका

**शहडोल 13 मई 25 (उमरिया खबर)।**गांव की प्रगति में अब महिलाएं अहम भूमिका निभा रही हैं। महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी भी मायने में पुरुषों से कम नहीं हैं। पंचायत स्तर पर महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण मिलने के बाद से उन्होंने नेतृत्व क्षमता संगठन कुशलता और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। आज की महिला सरपंच केवल विकास योजनाओं का क्रियान्वयन ही नहीं कर रही बल्कि शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण जैसे अहम मुद्दों पर भी काम कर रही है। कई गांवों में महिला प्रधानों की अगुवाई में स्वच्छ भारत मिशनए जल संरक्षण और डिजिटल साक्षरता जैसे अभियान सफलतापूर्वक चलाए जा रहे हैं। शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत पकरिया की महिलाओं ने कार्यशैली का उदाहरण पेश किया है। ग्राम पंचायत पकरिया गांव जहां पर अधिकांश जनप्रतिनिधि महिलाएं हैं। यहां की सरपंच और उप सरपंच के साथ ही 13 महिलाएं भी पंच हैं। गांव की सारी व्यवस्थाएं इन महिला जनप्रतिनिधियों के हाथों में लेकर बेहतर ढंग से संचालन किया है। शासकीय योजनाओं से समाज सेवा के कार्य और कुप्रथाओं को रोकने की बात करें तो हर तरह से इन महिला प्रतिनिधियों ने अपनी छाप छोड़ी है। गेंद बाई बैगा जो महिला सरपंच हैं और वे उप सरपंच रेखा चौधरी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। पंचायत में 13 अन्य महिलाएं हैं जो पंच की भूमिका निभा रही हैं। जल संरक्षण की बात हो या फिर स्वच्छता कीए हर तरह से ये महिलाएं गांव में सार्थक पहल कर रही हैं। बाल विवाह और दागना जैसी कुप्रथाओं को दूर करने में इन्होंने काफी प्रयास किए हैं। वे गांव की महिलाओं से ही गौशाला का संचालन करना रही हैं। मध्याह्न भोजन जैसी व्यवस्था भी महिलाओं के हाथ में ही है। नल.जल योजना का काम भी महिलाएं ही कर रही। साथ ही 10 ग्राम पंचायत को मिलाकर एक सेक्टर तैयार किया गया है और सेक्टर का केंद्र पकरिया को बनाया गया है जहां विकास कार्यों को लेकर बैठकें आयोजित की जाती है।

# जिला स्तर पर नागरिक सुरक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित

**शहडोल 13 मई 25 (उमरिया खबर)।** केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के पालन में शहडोल जिले में जिला स्तर पर नागरिक सुरक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिए गए हैं। कलेक्टर डॉण् केदार सिंह ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाईल नंम्बर 7049156289 तथा 7587636128 है। होम गार्ड कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का लैण्ड लाईन नम्बर 07652.240324 है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला वासियों से अपील की है कि किसी भी तरह की दुर्घटना अथवा आपदा की स्थिति में इन नम्बरों पर कॉल करके सूचना देवें। इसके अतिरिक्त संबंधित थानोंए एसडीएमए तहसीलदारों एवं नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी उनके मोबाईल नम्बर पर सूचित किया जा सकता है।

# नागरिक सुरक्षा हेतु जिले में तैयार किया जा रहा है स्वयं सेवकों का दल

**शहडोल 12 मई 25 (उमरिया खबर)।** केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के पालन में शहडोल जिले में किसी भी दुर्घटना अथवा आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए शासकीय अमले के साथ.साथ स्वयं सेवी दलों की टीम भी तैयार की जा रही है। ऐसे लोगों से फॉर्म भरवा कर सहमति ली जाएगी तथा उन्हें प्रशिक्षण देकर उनके कार्यों एवं कर्तव्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चिकित्सालयों में हर ग्रुप के रक्त की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए हर रक्त ग्रुप के रक्तदान दाताओं को चिन्हित किया जाएगा। प्रथम चरण में एनसीसी एनएसएस सिविल डिफेन्स से जुड़े लोगों तथा स्वयंसेवी लोगों के दल तैयार किए जा रहे हैं। जिसमें सेवा निवृत्त सैनिक भी शामिल हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नरेन्द्र सिंह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी सेवा निवृत्त संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ उमेश नामदेव डॉ सराफए डॉ मरिअम विश्वविद्यालय से डॉ आशीष तिवारी मेडिकल कालेज के प्रतिनिधि सैनिक कल्याण के अधिकारीए सीएमएचओ सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

















Swaraj Public Higher Secondary School
English Medium, Affiliated by M.P.B.S.E.
Vacancy

| S.No. | Post | Subject | No. of Post | Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Primary Teacher | English, Hindi, Maths, E.V.S. | 5 | Graduated + D.ED/D.Eld |
| 2 | High School Teacher | English, Hindi, Maths, Science, Social Science, Sanskrit | 5 | Post Graduated (with concerned subjects) + B.ED |
| 3 | Higher Secondary School Teacher | Chemistry, Biology, Maths, Accountancy, Bussiness Studies, Economics, History, Sociology, Political Science | 5 | Post Graduated (with concerned subjects) + B.ED |
| 4 | Computer Operator | - | 1 | B.C.A. / PGDCA |
| 5 | Sports Teacher | - | 1 | B.PEd |
| 6 | Security Guard | - | 2 | Gun (with licence) |

Collect Application form from office.
Office Hours - 10am To 4pm Contact - 9993315592, 9827585575
Address :- Bansal Complex, Signal Tola, Umaria, Distt. - Umaria, M.P.

